न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर ग्रामीण
पीठासीन अधिकारी श्री पुखराज कांसोटिया, आर.ए.एस

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या: 59 / 2024

प्रार्थी — **बनाम** — **अप्रार्थी**

अंजु भंसारी वगैरह — सरकार

अन्तर्गत धारा 131 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

दिनांक 14/5/2024

निर्णय

प्रार्थीगण अंजु भंसाली पत्नि श्री उपेन्द्र भंसाली जाति ओसवाल निवासी 72 भगत की कोठी विस्तार योजना जोधपुर एवं अन्य ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम मोगडा खुर्द के खसरा नम्बर 56, 56/1, 56/2, 56/3, 56/4, 76/4, 56/5, 76, 76/3, एवं 76/1 की राजस्व रेकर्ड में दर्ज खातेदार है। भू–नक्शा पोर्टल पर प्रार्थीगण के मौके व रेकर्ड के विपरित तरमीम दर्ज कर दी गई हैं। जिसे सही करने का निवेदन किया ।

प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र की जांच तहसीलदार लूणी को तहरीर जारी कर करवाई गई। तहसीलदार लूणी के पत्रांक भू.अ./2024/1400 दिनांक 09.05.2024 के जरिये जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जो शामिल पत्रावली की गई। उक्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम ग्राम मोगडा खुर्द के खसरा नम्बरान् 56, 56/1, 56/2, 56/3, 56/4, 76/4, 56/5, 76, 76/3, एवं 76/1 की तरमीम डीआईएलआरएमपी के तहत् लिपिकीय त्रुटिवश मौके एवं रेकर्ड से भिन्न दर्ज होना बताया गया तथा प्रस्तावित तरमीम दुरूस्ती का नजरी नक्शा अनुसार करने की रिपोर्ट पेश की गई। उपरोक्त खसरान् की लट्ठा नक्शा में अंकित तरमीम अस्पष्ट एवं अपठनीय होना बताया गया।

उक्त रिपोर्ट के संलग्न हल्का पटवारी मोगडा कलां की रिपोर्ट दिनांक 07.05.2024 के अनुसार ग्राम मोगडा खुर्द के खसरा नम्बरान् 56, 56/1, 56/2, 56/3, 56/4, 76/4, 56/5, 76, 76/3, एवं 76/1 एक दुसरे के पास–पास में स्थित है। इन खसरान् की भू–नक्शा पोर्टल पर दर्ज तरमीम रेकर्ड एवं मौके अनुसार नही हैं । मौके एवं रेकर्ड अनुसार सभी प्रभावित खातेदारों ने तरमीम दुरूस्ती करने में सहमति प्रदान की। उक्त खसरों की

उपखण्ड मजिस्ट्रेट (लूणी)

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी

लट्ठा नक्शा में तरमीम की हुई नहीं हैं। उपरोक्त खसरान् की लट्ठा नक्शा में अंकित तरमीम अस्पष्ट एवं अपठनीय होना बताया गया।

अतः इसी आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 में स्वीकार किया जाता हैं तथा तहसीलदार लूणी को आदेशित किया जाता है कि माफिक हल्का पटवारी मोगडा कलां की रिपोर्ट दिनांक 07.05.2024 में प्रस्तावित तरमीम दुरूस्ती प्रस्तावित नजरी नक्शें एवं वर्तमान जमाबंदी में रकबे अनुसार ग्राम मोगडा खुर्द के खसरा नम्बरान् 56, 56/1, 56/2, 56/3, 56/4, 76/4, 56/5, 76, 76/3, एवं 76/1 की तरमीम दुरूस्ती करने के आदेश दिये जाते हैं। उक्त रिपोर्ट इस निर्णय का अंग शुमार हो। तहसीलदार लूणी को तहरीर जारी हो। आदेश सुनाया गया।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हों।

कार्यालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट (लूणी)

(पुखराज कांसोटिया)
सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी